卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 275 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦17 जुलाई 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## ताबड़तोड़ फायरिंग से दहशत

### रंजिशन युवक पर हमला करने आये थे बाइक सवार दबंग



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भूरारानी क्षेत्र में दर्जन बाइक सवार युवकों ने कई राउण्ड फायरिंग करके कालोनी में दहशत फैला दी। इससे पहले इन दबंगों ने कालोनी के ही एक युवक पर धारदार हथियारों से प्राणघातक हमले का भी प्रयास किया। हमले में नाकाम होने पर उक्त लोगों ने कालोनी में युवक के घर पर धावा बोल दिया। लोगों की भीड़ जुटने पर उक्त लोग धमकी देते हुए फरार हो गये। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन तब तक उक्त लोग फरार हो चुके थे। मामले में एक महिला की ओर से पुलिस को तहरीर दी गयी है। फायरिंग करने वाले बाइक सवार युवकों का वीडियो फुटेज भी सामने आया है जिसमें आरोपी तमंचा लहराते हुए साफ नजर आ रहे हैं। बताया जाता है कि भूरारानी वार्ड 32 निवासी शिव कुमार पुत्र मदन राम मंगलवार रात करीब दस बजे अपने दोस्त राजू के साथ बाजार से घर की ओर लौट रहा था। शिव कुमार की बिंदुखेड़ा के कुछ युवकों से कहासुनी हो गयी थी। जिसके चलते तमंचा,लाठी डण्डे, और धारदार हथियारों से लैस करीब आधा दर्जन से अधिक युवकों ने फ्लाईओवर के पास शिव कुमार और राजू को घेर लिया। शिव कुमार और राजू ने बाइक को (शेष पृष्ठ सात पर)

## ढाबे में कांवड़ियों ने काटा जमकर हंगामा

### लहसुन प्याज का खाना परोसने पर फूटा गुस्सा

रुड़की (उद संवाददाता)। दिल्ली-हरिद्वार बाईपास पर एक ढाबा स्वामी ने कांवड़ यात्रियों को लहसून-प्याज का खाना परोस दिया। जिसे लेकर कांवड़ यात्रियों का गुस्सा फूट पड़ा उन्होंने जमकर हंगामा करते हुए ढाबे में तोड़फोड़ कर दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, पुलिस ने किसी तरह से मामला शांत कराया। पुलिस ने ढाबा स्वामी एवं कारीगर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह मंगलौर कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि मंगलौर कोतवाली क्षेत्र में हरिद्वार बाईपास पर कुछ कांवड़ यात्री एक ढाबे पर पहुंचे और उन्होंने बताया कि उनको बिना लहसून प्याज का खाना चाहिए। इसके बावजूद ढाबा स्वामी एवं उसके कारीगर ने कांवड़ यात्रियों को लहसुन प्याज युक्त भोजन परोस दिया। इस बात की जानकारी मिलने पर कांवड़ यात्रियों ने जमकर हंगामा किया। उन्होंने ढाबे पर रखी कुर्सी मेज को पलट दिया और जमकर हंगामा किया। इसी बीच ढाबा स्वामी ने भी अपने गांव से कुछ लोगों को बुला लिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने किसी तरह से मामले (शेष पृष्ठ सात पर)

## पुलिस से बचने के चक्कर में बाइकसवार युवक ने गंवाई जान

### पेड़ से भिड़ी अनियंत्रित बाइक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बाईक पर जा रहा युवक मार्ग में पुलिस टीम को देखकर भागते समय असंतुलित होकर पेड़ से टकराकर सड़क किनारे खेत जा गिरा



जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी मिलने पर पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार रात्रि ग्राम जगतारपुर शक्तिफार्म निवासी सतनाम सिंह पुत्र काला सिंह बाईक पर जा रहा रहा था। मार्ग में माता फार्म के पास चैकिंग करती पुलिस टीम को देखकर वह बचने के लिए बाईक वापस घुमाकर तेज गति से भागने लगा। पुलिस ने बताया कि कुछ देर बाद पुलिस को सूचना मिली कि माता फार्म के पास खेत में एक युवक का शव पड़ा हुआ है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस के मुताबिक (शेष पृष्ठ 7 पर)

## फंदे पर लटका मिला टुकटुक चालक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आजाद नगर ट्रांजिट कैम्प में संदिग्ध परिस्थितियों में टुकटुक चालक कमरे में फांसी पर लटका पाया गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण कर शव फांसी से उतारकर अपने कब्जे में लिया और जिला अस्पताल भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया। जानकारी के अनुसार मूल रूप से ग्राम जगन्नाथपुर थाना मिलक रामपुर निवासी 20 वर्षीय संजय राठौर पुत्र मोहनलाल यहां मौहल्ला आजादनगर ट्रांजिट कैम्प में अपनी मौसी के पुत्र ग्राम सिमलिया पीलीभीत निवासी हिमांशु पुत्र ज्ञानप्रकाश के साथ किराये के कमरे में रहता था। संजय टुकटुक चलाता था जबकि हिमांशु सिडकुल की एक फैक्ट्री में काम करता है। बताया जाता



है कि संजय की बहन खुशबू यहां आई हुई थी और कल ही घर वापस गई थी। संजय गत रात्रि टुकटुक में हिमांशु को फैक्ट्री में छोड़कर घर वापस आया और खाना खाकर सो गया। प्रात: करीब 7 बजे जब हिमांशु ड्यूटी से घर वापस आया तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। काफी देर तक खटखटाने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला तो उसने मकान स्वामी को बताया। जिस पर कमरे की खिड़की के भीतर से झांककर देखा तो संजय कमरे में फांसी पर लटका हुआ दिखा। जिसके बाद मामले की जानकारी तुरंत थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और किसी तरह दरवाजा खोलकर भीतर गये। उन्होंने घटनास्थल कानरीक्षण किया और संजय को फांसी से नीचे उतरवाकर जिला चिकित्सालय भिजवाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला एसआई नेहा ध्यानी ने पंचनामे की कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच (शेष पृष्ठ सात पर)

## बंसल ज्वैलर्स से महिलायें ले उड़ी सोने की चैन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर के प्रतिष्ठित बंसल ज्वैलर्स शोरूम से गत माह जेवर खरीदने आई अज्ञात महिलायें शोरूम कर्मियों को चकमा देकर एक लाख से भी अधिक कीमत की सोने की चैन ले उड़ीं। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में संगीत पाण्डेय ने कहा है कि वह बंसल ज्वेलर्स में जनरल मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। 5 जून को सिविल लाइंस स्थित बंसल ज्वेलर्स शोरूम पर लगभग शाम 5:50 पर चार लोग आये जिनमें तीन महिलायें और एक पुरूष शामिल (शेष पृष्ठ सात पर)

## मुहर्रम पर गमगीन माहौल में निकाले गये ताजिये

रूद्रपुर /गदरपुर(उद संवाददाता)। मोहर्रम के मौके पर मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा ताजिये निकालकर हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद किया गया। इस्लाम धर्म की मान्यता के मुताबिक हजरत इमाम हुसैन अपने 72 साथियों के साथ मोहर्रम माह के दसवें दिन कर्बला के मैदान में शहीद हो गये थे। आज नगर के मौहल्ला खेड़ा, भदईपुरा, भूतबंगला, आदर्श कालोनी, जगतपुरा, सीरगोटिया, पहाड़गंज, रेशमबाड़ी आदि क्षेत्रों से मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा आकर्षक ताजिये निकाले गये जिन्हें निधरित मार्गों से घुमाते हुए सायंकाल कर्बला में दफनाया जायेगा। इस दौरान जाहिद रजा रिजवी, नदीम खान, सोनू, अरशद खान, डा. शाह खान, डा. शाहिद, डा. राशिद, बाबू खान, सलीम अहमद, जाहिद खान, परवेज अली, सरताज अहमद, साबिर अहमद, मुमताज अली,





हनीफ, अबरार अहमद, कमर खान, उमर अली, परवेज खान, नजाकत अली, अख्तर, अफसर अली, जावेद अली, जहूर अहमद, अखत्यार अहमद, नईम, नसीम अहमद, शाकिर अली सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे। **गदरपुर**- बुधवार को हजरत इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों की याद में (शेष पृष्ठ सात पर)

## बाइक सवार पर बाघ ने किया हमला

रामनगर (उद संवाददाता)। रानीखेत रोड पर गर्जिया पुलिस चौकी के पास बाइक सवार पर बाघ ने हमला कर दिया। घटना में बाइक सवार घायल हो गया। घायल को रामनगर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार सुंदरखाल निवासी 53 वर्षीय हरीश राम पुत्र बलिराम मंगलवार रात बाइक पर ढिकुली से सुंदरखाल जा रहे थे। गर्जिया पुलिस चौकी से 500 मीटर पहले जंगल से कोसी नदी की ओर जा रहे बाघ ने बाइक सवार हरीश राम पर हमला कर दिया। इससे बाइक सवार सड़क पर गिर गया। हालांकि बाघ नदी की ओर चला गया और उसने बाइक सवार पर दोबारा हमला नहीं किया। घायल ने पास ही चौकी के पुलिसकर्मियों को घटना की



सूचना दी। पुलिसकर्मियों ने वनकर्मियों को घटना की जानकारी देकर घायल को रामनगर अस्पताल में भर्ती कराया। घायल की कमर पर बाघ के नाखून के निशान हैं। डॉक्टरों ने इलाज के बाद घायल को घर भेज दिया। (शेष पृष्ठ सात पर)

आवश्यकता है
समाचार पत्र में मार्केटिंग हेतु युवक/युवती की अनुभवी को वरीयता
सम्पर्क करे-
9897427586

## घर लौटते व्यापारी पर जानलेवा हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प के मुख्य मार्ग पर विगत रात्रि दुकान बंद कर घर वापस लौट रहे व्यापारी पर अज्ञात युवकों ने हथियारों से जानलेवा हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में अंकित कुमार सिंह पुत्र धीरेन्द्र कुमार सिंह निवासी वार्ड 3 सिडकुल ढाल के पास ट्रांजिट कैंप ने कहा है कि उसके चाचा आनंद कुमार सिंह पुत्र मदन पाल सिंह की सिडकुल ढाल पर बैग और चश्मे की छोटी सी दुकान है। 14 जुलाई को रात 10 बजे के करीब चाचा आनंद कुमार सिंह दुकान बंद कर घर जा रहे थे। तभी दुकान के सामने ही करीब एक दर्जन अज्ञात लड़कों ने चाचा को जान से मारने की नियत से उन पर लाठी, डंडे, हथौड़ी, लोहे की रौड इत्यादि से हमला कर दिया और उन्हें गंभीर हालत में छोड़ कर भाग गये। चाचा आनंद कुमार को उपचार के लिए सरकारी हॉस्पिटल ले गये जहाँ उनकी (शेष पृष्ठ सात पर)

## बाइक सवार बदमाशों ने युवक से मारपीट कर मोबाइल लूटा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बाइक सवार उचक्कों का शहर में आतंक बढ़ता जा रहा है। आये दिन बाइक सवार बदमाश राह चलते लोगों से मोबाइल लूट की घटना को अंजाम देकर आसानी से फरार हो रहे हैं। बदमाशों ने मंगलवार रात एक और युवक को निशाना बनाकर मोबाइल लूट लिया। विरोध करने पर युवक के साथ मारपीट भी की गयी। जानकारी के अनुसार आनंदपुर किच्छा निवासी अंश जायसवाल मंगलवार रात दिल्ली जाने के लिए इंदिरा चौक पर यातायात पुलिस कार्यालय के पास बस की प्रतीक्षा कर रहा था। इसी दौरान दो बाइक सवार युवक वहां पहुंचे और युवक से मारपीट कर मोबाइल लूट ले गये। युवक ने मामले की सूचना पुलिस को दी है। घटना के चलते युवक दिल्ली भी नहीं जा सका।

आवश्यकता है
रूद्रपुर में शाम का अखबार बांटने के लिये युवकों की।
सम्पर्क करे-
9897427586

# श्री केदारनाथ धाम ट्रस्ट का बदलेगा नाम

## दिल्ली में धाम के नाम पर मंदिर के निर्माण का विवाद गहराने के बाद अब ट्रस्ट के संस्थापक और राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र रौतेला ने दी सफाई

देहरादून(उद संवाददाता)। आखिरकार दिल्ली में केदारनाथ धाम के नाम से मंदिर के निर्माण को लेकर भारी विरोध और विवाद गहराने के बाद श्री केदारनाथ धाम दिल्ली ट्रस्ट ने ट्रस्ट और मंदिर का नाम बदलने का निर्णय लिया है। ट्रस्ट के संस्थापक और राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र रौतेला ने कहा कि कुछ लोगों की धाम शब्द को लेकर नाराजगी है। जिसे देखते हुए दोनों के नाम से धाम शब्द हटा दिया जाएगा। ट्रस्ट की ओर से इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वहीं तीर्थ पुरोहितों ने भी अपना आंदोलन स्थगित कर दिया है। मंगलवार को प्रेस क्लब में मीडिया से वार्ता में सफाई पेश करते हुए उन्होंने कहा कि दिल्ली में केदारनाथ धाम नहीं बल्कि केदारनाथ मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। उसके बाद भी कुछ लोग इस मुद्दे को तूल देने की कोशिश कर रहे हैं। उत्तराखंड में स्थित बाबा केदारनाथ करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र हैं और हमेशा रहेंगे, इसलिए लोगों की आस्था से खिलवाड़ का कोई सवाल ही नहीं उठता। हम केवल दिल्ली में केदारनाथ मंदिर का निर्माण कर रहे हैं। भगवान शिव का एक मंदिर बना रहे हैं और ये पहली बार नहीं है जब बाबा भोलेनाथ का किसी स्थान पर मंदिर बन रहा हो, लेकिन कुछ लोग अपने राजनीतिक लाभ के लिए इसे केदारनाथ धाम से जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। यह सिर्फ और सिर्फ एक मंदिर है। रौतेला ने कहा, इस पूरे प्रकरण में कुछ लोगों ने यह



विषय भी उठाया कि बाबा केदारनाथ का मंदिर एक ज्योतिर्लिंग है इसलिए उसकी कोई दूसरी प्रतिकृति नहीं हो सकती है, इस पर ट्रस्ट का कहना है कि हमारे जो 12 ज्योतिर्लिंग हैं उन सभी ज्योतिर्लिंग के नाम से देश में कई मंदिर बने हैं। गुजरात में मुख्य सोमनाथ ज्योतिर्लिंग है और दिल्ली में भी एक सोमनाथ मंदिर है। आंध्र प्रदेश में मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग है और बेंगलुरू में भी मल्लिकार्जुन मंदिर है।उज्जैन में विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग है और महाराष्ट्र के नागपुर में भी इसी नाम से मंदिर है। बदरीनाथ उत्तराखंड के चार धामों में से एक है। जबकि मुंबई में भी इसी नाम से एक मंदिर बना हुआ है। ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेंद्र रौतेला ने कहा, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ट्रस्ट के अनुरोध पर मंदिर के भूमि पूजन के लिए आए थे। उनका और सरकार का ट्रस्ट से कोई लेना देना नहीं है। केदारनाथ धाम के मसले पर कुछ सोशल मीडिया में चल रहे वीडियो के बारे में उन्होंने कहा, ट्रस्ट ने इस तरह की कोई बयानबाजी नहीं की।

## गणेश गोदियाल बोले, शिला लाई जाए वापस

देहरादून। दिल्ली में केदारनाथ धाम के प्रतीकात्मक निर्माण के विरोध में केदारनाथ में तीर्थपुरोहित, हक-हकूकधारी और अन्य लोग लगातार विरोध कर रहे हैं। आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में बीकेटीसी के पूर्व अध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने प्रेस वार्ता कर दिल्ली में केदारनाथ मंदिर बनाए जाने का विरोध किया। गणेश गोदियाल ने कहा एक ट्रस्ट जिसका नाम केदारनाथ धाम दिल्ली ट्रस्ट है। उसमें जाकर मुख्यमंत्री का केदार शिला के साथ वहां पहुंचकर उसे मंदिर का शिलान्यास करना और उस को केदारनाथ वाली आकृति प्रदान करना और ये कहना की जो लोग केदारनाथ धाम की यात्रा नहीं कर सकते वो दिल्ली में केदारनाथ में अपनी यात्रा कर सकते हैं। ये हमारी धार्मिक मान्यताओं के और उत्तराखंड के वर्तमान से लेकर भविष्य के हितों के साथ खिलवाड़ है। गणेश गोदियाल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से निवेदन करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जो शिला दिल्ली लेकर गए हैं उसे वापस लाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने ट्रस्ट का नाम बदला जाने की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इसे इस रूप में प्रचारित ना किया जाए कि केदारनाथ मंदिर अब दिल्ली बन गया है। इसके साथ करन माहरा ने सवाल उठाया है कि क्या केदारनाथ से शिला ले जाने वाले के खिलाफ कार्रवाई होगी ?

# एक हजार किलो तांबे की प्लेट में लगाई थी 23 किलो सोने की परत

## शंकराचार्य के बयान पर जताई आपत्ति

देहरादून। केदारनाथ धाम में 228 किलो सोना चोरी को लेकर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के बयान पर बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने आपत्ति जताई। उन्होंने गर्भगृह को मंडित किये गया सोना चोरी होने के संबंधित कोई तथ्य हैं तो न्यायालय में जनहित याचिका दायर करने के साथ उच्च एजेंसियों से जांच कराने का आग्रह करें। धाम के गर्भगृह को स्वर्ण मंडित करने को षडयंत्र के तहत विवाद खड़ा किया जा रहा है। बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने कहा कि एक संत के रूप में अविमुक्तेश्वरानंद का सम्मान करते हैं। लेकिन संत होने के बावजूद भी मीडिया में बयानबाजी कर चर्चा में रहना उनका इतिहास है।



केदारनाथ धाम में सोना चोरी को लेकर अविमुक्तेश्वरानंद ने बयान दिया है। यदि उनके पास इस मामले को कोई तथ्य हैं तो जांच के लिए न्यायालय या उच्च स्तरीय एजेंसियों के पास जाएं। सनसनी फैलाने और कांग्रेस के एजेंडे को आगे बढ़ाना उचित नहीं है। अजेंद्र ने स्पष्ट किया कि केदारनाथ धाम के गर्भ गृह को स्वर्ण मंडित करने के लिए बीकेटीसी ने कोई सोना नहीं खरीदा। दानीदाता के अनुरोध पर बीकेटीसी ने बोर्ड बैठक में अनुमति दी। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के विशेषज्ञों की देखरेख में स्वर्ण मंडित करने का कार्य दानीदाता ने अपने स्वर्णकार से कराया। मंदिर के गर्भ गृह में पहले चांदी की परतें चढ़ाई गई थी। जिसका वजन 230 किलोग्राम था। इसकी जगह 23 किलो. सोने की परत चढ़ाई गई। सोने की परत एक हजार किलो.तांबे की प्लेट के ऊपर लगाई थी।

# नकली निकली रेडियोएक्टिव डिवाईस!

## खरीद फरोख्त की पहेली में उलझी पुलिस,अब डीलर लव से पूछताछ

देहरादून। उत्तराखंड पुलिस द्वारा पकड़ी गई संदिग्ध रेडियोएक्टिव उपकरण की खरीद फरोख्त का मामले की छानबीन जारी है लेकिन आरोपियों से पूछताछ के बाद सामने का रहा षडयंत्र पहेली बना हुआ है। पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार तो किया लेकिन उनसे पूछताछ में हर दिन एक नई जानकारी मिली। अब इतना तो पता चला कि यह उपकरण नकली है, लेकिन किसने और कब इसे बनाया इसकी कोई ठोस जानकारी नहीं मिल पा रही है। अलबत्ता अब पुलिस ने उस डीलर को पूछताछ के लिए बुलाया है जो इसे खरीदने के लिए देहरादून आने वाला था। बताया जा रहा है कि उसके पास ऐसे उपकरणों को खरीदने का लाइसेंस है, लेकिन वह अपने साथ कोई दस्तावेज लेकर नहीं पहुंचा है। पिछले शुक्रवार को पुलिस ने राजपुर क्षेत्र में पूर्व आयकर अधिकारी श्वेताभ सुमन के घर पर छापा मारकर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इनके पास से एक संदिग्ध रेडियोएक्टिव उपकरण बरामद हुआ था। उस वक्त एसडीआरएफ ने इसकी जांच की तो पता चला कि इसमें रेडियोएक्टिव पदार्थ हो सकता है। लेकिन, अगले दिन जब नरौरा से आई टीम ने इसकी जांच की तो इसमें रेडियोएक्टिव पदार्थ न होने की पुष्टि हुई। आरोपियों सुमित पाठक और



तबरेज आलम से पूछताछ हुई तो उन्होंने पुलिस के सामने सहारनपुर निवासी राशिद का नाम लिया। बताया कि उसने उन्हें यह उपकरण बेचा था। लेकिन, अगले दिन जब राशिद गिरफ्तार हुआ तो कहानी कुछ और निकली। उसने पुलिस को बताया कि यह उपकरण नकली है और उसने कभी नहीं बेचा। यह उपकरण तबरेज और उसके एक साथी ने अपने घर पर बनाया था। इससे एक बात तो साफ हो गई कि यह उपकरण नकली है। लेकिन, किसने और कब इसे बनाया इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है। सूत्रों के मुताबिक इतना भी साफ हो गया है कि इसका सौदा करोड़ों रुपये में होना था। इस पूछताछ में एक नाम लव मल्होत्रा का भी सामने आया था। लव को ही इस उपकरण को खरीदना था। बताया गया था कि लव के पास इस तरह के उपकरणों को बेचने और खरीदने का लाइसेंस है। लेकिन, पुलिस के सामने पहुंचा लव अपने साथ कोई दस्तावेज लेकर नहीं आया है। देर रात तक पुलिस उससे पूछताछ कर रही थी। बताया जा रहा है कि इस पूरी कहानी के पीछे सुमित पाठक नाम के आरोपी का दिमाग है। सुमित पाठक दिल्ली में पुराने सामान खरीदने-बेचने का काम करता है। वह बहुत सी पुरानी चीजों को नकली बनाकर महंगे दामों पर बेचता है। बताया जा रहा है कि सुमित पाठक ने राजस्थान में हुई 14 करोड़ रुपये की ठगी से प्रेरित होकर इस तरह का षडयंत्र रचा था। इसी तरह के उपकरण को बेचने का राजस्थान में ठगों ने जाल बुना था। राजस्थान पुलिस ने उस वक्त 18 लोगों को गिरफ्तार किया था। पुलिस के अधिकारिक सूत्रों के अनुसार सुमित पाठक ने ही अपनी दुकान व कार्यशाला पर इस उपकरण को बनाया था। ताकि, वह इसे इसी तरह बेचकर करोड़ों रुपये की ठगी कर सके। हालांकि, अभी सुमित से भी पुलिस कस्टडी रिमांड में लेकर पूछताछ की जानी बाकी है। जल्द ही पुलिस उसकी पीसीआर मांग सकती है।

# उत्तराखंड भाजपा को नवंबर में मिलेगा नया प्रदेश अध्यक्ष

देहरादून। प्रदेश भाजपा को अपना नया अध्यक्ष नवंबर महीने में मिलेगा। केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर पार्टी ने सांगठनिक चुनाव की रूपरेखा तैयार कर ली है। देहरादून में हुई विस्तारित प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में चुनाव कार्यक्रम पर मुहर लगी। सांगठनिक चुनाव की प्रक्रिया अगस्त माह से शुरू होगी जो दिसंबर में राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के साथ संपन्न होगी। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, प्रदेश में पार्टी का सदस्यता अभियान एक अगस्त से शुरू होगा और 15 अगस्त तक चलेगा। 16 अगस्त से 30 अगस्त तक सक्रिय सदस्यता अभियान शुरू होगा। पहली से 15 अक्तूबर तक सक्रिय सदस्यों का सत्यापन अभियान चलाया जाएगा। सदस्यता अभियान संपन्न होने के बाद चुनाव की प्रक्रिया शुरू होगी। पहली नवंबर से मंडल अध्यक्षों के चुनाव होंगे। चुनाव की यह प्रक्रिया 15 नवंबर तक चलेगी। 16 नवंबर से 30 नवंबर के बीच



जिलाध्यक्षों के चुनाव होंगे। इसी दौरान नया प्रदेश अध्यक्ष भी चुना जाएगा। दिसंबर माह में राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा। पार्टी सूत्रों का कहना है कि एक-दो दिन में पार्टी सदस्यता अभियान के संचालित करने के लिए प्रदेश प्रमुख व सह प्रमुखों की नियुक्ति करेगी। उन्हीं देखरेख में सदस्यता अभियान संचालित होगा। प्रदेश में भाजपा अध्यक्ष की कमान अभी सांसद महेंद्र भट्ट के हाथों में ही रहेगी। भट्ट राज्यसभा के सदस्य निर्वाचित हो चुके हैं। उनके निर्वाचन के बाद से ही पार्टी के भीतर नए प्रदेश अध्यक्ष को लेकर चर्चाएं गरम हैं। प्रदेश अध्यक्ष को लेकर कुछ नामों की भी चर्चा होती रही है। लेकिन काफी हद तक साफ हो गया है कि नवंबर महीने तक चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने तक संगठन की बागडोर महेंद्र भट्ट ही संभालेंगे।

# कांवड़ यात्रा मार्गों पर भंडारे नहीं लगाये जायेंगे

## सिर्फ पार्किंग स्थल के पास भंडारा लगाने की अनुमति, पार्किंग स्थलों से ई-रिक्शा, विक्रम और टैक्सी से कांवड़िए आगे की यात्रा करेंगे

ऋषिकेश । कांवड़ यात्रा के दौरान यदि कोई संस्था या व्यक्ति भंडारा लगाना चाहता है तो वह यात्रा मार्ग पर कहीं भी नहीं लगाएगा। एसएसपी ने स्पष्ट किया है कि भंडारा लगाने की अनुमति केवल पार्किंग स्थलों के पास ही होगी। पार्किंग स्थलों से ई-रिक्शा, विक्रम और टैक्सी से कांवड़िए आगे की यात्रा करेंगे। कांवड़ मेला क्षेत्र के आसपास के स्कूल शनिवार, रविवार और सोमवार को बंद रखने के लिए पुलिस प्रशासन को गढ़वाल आयुक्त व संबंधित जिलाधिकारी को प्रस्ताव भेजना होगा। कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर एसएसपी अजय सिंह ने मंगलवार को नगर निगम सभागार में व्यापारियों, प्रशासन, विभागीय अधिकारियों और मुनि की रेती, ऋषिकेश, लक्ष्मणझूला के पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें व्यापारियों ने सुझाव भी दिए। एसएसपी ने कहा कि डाक कांवड़ों के वाहनों को पार्क करने के लिए इस बार आईडीपीएल के साथ ही खांड गांव में 200 वाहनों के पार्क करने का इंतजाम किया गया है। पार्किंग स्थल पर नगर निगम, ऊर्जा और स्थानीय प्रशासन के सहयोग से सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद की जा रही हैं। कांवड़ यात्रा के दौरान रेट को लेकर किसी भी विवाद से बचने के लिए सभी व्यापारियों को रेट लिस्ट लगाने के लिए कहा गया है। कांवड़ यात्रा के दौरान स्वयंसेवी संस्थाओं की ओर से भंडारे केवल पार्किंगों के पास ही लगाए जा सकेंगे। कहा कि मोतीचूर से रायवाला के मध्य हाथी कॉरिडोर होने



के कारण कोशिश रहेगी कि वहां वाहन खड़े न हों। पार्क प्रशासन ने भी वहां गश्त करने की बात कही। पिछले साल मुकाबले इस साल कांवड़ियों की संख्या में 10 से 15 तक बढ़ोतरी होने का अनुमान है। पिछली बार नटराज चौक पर वाहनों को रोकने दिक्कत हुई थी। बैठक के दौरान रोडवेज के एजीएम प्रतीक जैन ने बताया कि कांवड़ यात्रा के दौरान के पुलिस की ओर से रोडवेज की बसों को नेपाली फार्म से भानियावाला की ओर डायवर्ट किया जाता है, जिससे रोडवेज बसों का शेड्यूल गड़बड़ हो जाता है। इससे रोडवेज बस अड्डे में कांवड़ यात्रियों की भीड़ हो जाती है। कहा कि इसीलिए रोडवेज की बसों को डायवर्ट न किया जाए। बैठक में व्यापारी प्रतीक कालिया ने कहा कि पैदल कांवड़ियों को श्यामपुर पुलिस चौकी से बाजार होकर आगे भेजा जाए। प्रमोद जैन ने कहा कि हाईवे के चौड़ीकरण के बाद उसका लाभ वहां कांवड़ियों को मिलना चाहिए। स्थानीय व्यापारियों के विशेष पास की व्यवस्था की जाए। कांवड़ यात्रा के दौरान पुलिस जवान व्यापारियों के वाहनों को भी डायवर्ट कर देते हैं इससे व्यापारियों को दिक्कत होती है। ऋषिकेश रेलवे स्टेशन के आसपास पूर्व में कांवड़ियों के साथ लूटपाट की घटनाएं हुई हैं इसलिए रेलवे रोड पर गश्त बढ़ाई जाए। पंकज गुप्ता ने कहा कि गलियों में चेन छीनने वाले कांवड़ियों के वेष में घूमते रहते है, इसलिए गलियों में गश्त की जाए। बैठक में एसपी देहात लोकजीत सिंह, एसडीएम कुमकुम जोशी, एसएनए चंद्रकांत भट्ट, जलकल अभियंता अरुण ब्रिकम सिंह, मदन नागपाल, ललित मोहन मिश्र, कपिल गुप्ता, अनुराग पुरोहित, रोमेश अग्रवाल, शिव कुमार गौतम आदि उपस्थित रहे।

# सीएम ने जागेश्वर धाम में श्रावणी मेले का किया शुभारंभ





अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को प्रसिद्ध जागेश्वर धाम में एक महीने तक चलने वाले श्रावणी मेले का पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया। उन्होंने जागेश्वर के भंडारा स्थल में पदम का वृक्ष लगाकर हरेला की शुभकामनाओं के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जागेश्वर धाम पौराणिक संस्कृति का अप्रतिम प्रतीक है। यहां आकर एक अलग ही शांति की अनुभूति मिलती है। भगवान जागेश्वर सभी श्रद्धालुओं पर अपनी कृपा रखते हैं। उन्होंने कहा कि यहां कोई अपनी मर्जी से नहीं बल्कि बाबा के बुलावे पर ही आता है। श्रावणी मेला सदियों से श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा है।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जनपद के विकास को लेकर अनेक घोषणाएं भी की जिनमें, सरयू (सेराघाट) से वृद्ध जागेश्वर सहित जागेश्वर क्षेत्र के लिए पेयजल पंपिंग योजना का निर्माण, भगततोला कपकोट मोटर मार्ग का डामरीकरण, मानसखंड मंदिर माला मिशन के अंतर्गत वृद्ध जागेश्वर को धार्मिक पर्यटन से जोड़ने, भिकियासेन में डाम का निर्माण आदि कार्यों की घोषणा शामिल है।उन्होंने कहा कि उनकी सरकार राज्य के विकास को समर्पित सरकार है। अल्मोड़ा के कोसी से कौसानी तक साइकिल ट्रैक का निर्माण कार्य किया जा रहा है जिससे अल्मोड़ा जनपद के पर्यटन को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि अल्मोड़ा शहर के विस्तार की भी योजना बनायी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जागेश्वर धाम के मास्टर प्लान के माध्यम से भी यहां के लोगों के आजीविका के द्वार खुलेंगे। उन्होंने कहा कि जागेश्वर धाम के मास्टर प्लान के कार्य पूरा हो जाने के बाद प्रति वर्ष 10 लाख श्रद्धालुओं के यहां आने की उम्मीद है। इसके माध्यम से यहां के लोगों का जीवन खुशहाल होगा एवं जनपद की आर्थिकी में भी बढ़ोतरी होगी। इस दौरान केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा, विधायक जागेश्वर मोहन सिंह मेहरा, जिला मजिस्ट्रेट विनीत तोमर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा, मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे समेत अन्य विभागीय अधिकारी, जन प्रतिनिधि एवं आम जनमानस उपस्थित थे।

# ऑनलाईन शॉपिंग से युवक ने मंगाया मोबाइल, निकली साबुन की टिकिया

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। दिनेशपुर थाना क्षेत्र के एक युवक को ऑनलाइन शॉपिंग के नाम पर 21 हजार रुपए की चपत लगने का मामला सामने आया। दिनेशपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत काली नगर कस्बे के दीपक पंत थाने में तहरीर देकर बताया कि उसके द्वारा अमेजॉन कंपनी से वनप्लस कंपनी का मोबाइल 05 जुलाई को ऑनलाइन बुक किया था। काली नगर स्थित आवास के पते पर मोबाइल ऑनलाइन पेमेंट 20999 मे मंगाया। मोबाइल 9 जुलाई 2024 को बताए गए पते पर आ गया। घर आकर जब



पैकिंग खोली तो डिब्बे में मोबाइल की जगह एक साबुन की टिकिया निकली। मोबाइल नहीं पाकर युवक सकते में आ गया और तुरंत कंपनी के हैल्पलाइन नंबर पर अपनी शिकायत दर्ज कराई तो वहां से एक सप्ताह में जांचकर रिफंड पैसे देने का आश्वासन दिया। सप्ताह बीत जाने के बाद जब दोबारा फोन किया तो उन्होंने कोई भी रिफंड देने से मना कर दिया। युवक का कहना है आखिर कंपनी इस आईएमआई से मोबाइल की जांच क्यों नहीं कर रही है। मामले में जांच कर रहे उप निरीक्षक प्रदीप भट्ट ने बताया ईएमआई नंबर से जांच किया जा रहा है। बताया कि कंपनी का कोई भी सामान पैकेट खोलने से पहले वीडियो बनाना जरूरी है।

# विद्युत तार टूटने से तीन पशुओं की मौत

किच्छा(उद संवाददाता)। पुरानी गल्ला मंडी में 440 वोल्टेज विद्युत लाइन तार के अचानक टूट कर गिरने से दो गाय एवं एक भैंस के पड्डे की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा सुबह चार बजे का है जिस कारण बड़ा हादसा होने से बच गया। नगर की सबसे बड़ी घनी आबादी वाले पुरानी गल्ला मंडी में घरों के ऊपर से गुजर रही 440 वोल्टेज की विद्युत लाइन की तार सुबह 4 बजे अचानक टूटकर गिर गई। जिसकी चपेट में आने से दो पालतू गाय तथा एक भैंस पडडे की मौके भारी दर्दनाक मौत हो गई। पशुपालक वीरेंद्र पुत्र नेकराम ने बताया कि मंगलवार सुबह 3:45 पर वह अपनी दो गायों एवं एक भैंस पड्डे को को घर के आगे खड़ा कर उनके ऊपर लगा गोबर पानी के पाइप से साफ करके चारा लेने के लिए जैसे ही घर में घुसा की अचानक तीनो पशुओं पर 440 वोल्टेज की विद्युत लाइन का तार टूट का गिर पड़ा। करंट की चपेट में आने से तीनों पशुओं की मौके पर मौत हो गई। विद्युत विभाग को घटना की सूचना दी गई जिस पर विद्युत लाइन बंद की गई। घटना की सूचना पर कोतवाल सुंदरम शर्मा, बृजमोहन सिंह आदि पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे।इसी बीच सूचना पर विद्युत विभाग के जेई ओम कुमार विद्युत कर्मियों के साथ पहुंचे तथा टूट कर गिरे विद्युत तार को ठीक कराया। पूर्व पालिका सभासद धनीराम ने शासन एवं प्रशासन से मुआवजा दिए जाने की मांग की है। पीड़ित परिवार का मुखिया मजदूरी करता है तथा गरीब परिवार है। विद्युत विभाग के एसडीओ डीसी गुरुरानी ने कहा है कि इस हादसे की जायेगी जॉच उपरांत पशुपालक को मुआवजा दिए जाने के लिए विभाग को लिखा जाएगा।उन्होंने कहा कि मौके पर गए विद्युत विभाग के ओम कुमार ने उन्हें जानकारी दी की विद्युत करंट से मारे तीनों पशु सड़क पर बंधे हुए थे जबकि बारिश तथा बरसात के मौसम में पशुओं को घरों के अंदर ही बांधना चाहिए विद्युत तार टूट कर सड़क पर गिरा है।

# नोटिस मिलने पर नारायण कालोनी के वाशिंदों ने पूर्व सभासद दिलीप को घेरा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर निगम द्वारा ट्रांजिट कैम्प की नारायण कालोनी से होकरं बहने वाले नाले के दोनों ओर 20 फुट की परिधि में रहने वाले दर्जनों लोगों को भवन हटा लेने के नोटिस थमा देने के बाद से क्षेत्र वासियों में हड़कम्प मचा हुआ है। आज प्रात: क्षेत्र के अनेक लोगों ने पूर्व सभासद दिलीप अधिकारी के आवास पहुंचकर उनका घेराव किया और उनसे मदद की गुहार लगाई। लोगों का कहना था कि वह पिछले कई सालों से यहां घर बनाकर रह रहे हैं। यदि उन्हें यहां से उजाड़ दिया गया तो उनके समक्ष कई परेशानियां आ जायेंगी। जिस पर दिलीप अधिकारी ने उन्हें क्षेत्र का प्रमाणित नक्शा दिखाते हुए कहा कि वह इस सन्दर्भ में नक्शे के साथ जिलाधिकारी सहित नगर निगम के अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। किसी भी व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं होने दिया



जायेगा। उन्होंने कहा कि नदी नालों कें किनारे दशकों पूर्व बसे लोगों के भवनों को न तोड़ने के लिए शासन स्तर भी जनप्रतिनिधियों द्वारा वार्ता की जा रही है। इसके अच्छे परिणाम सामने आयेंगे। इस दौरान चमेली देवी, सपना मौर्य, अंगद भारद्वाज, नेमचन्द्र, सुशीला, संगीता पाल, माधुरी देवी, सरिता यादव, निरमा, महेन्द्रपाल, राजपाल, मोहन लाल, संजय ठाकुर, मिथलेश, प्रेमप्रकाश, रानी, कौशल्या, मुन्नी, आरती, निर्मला सहित तमाम कालोनी वासी मौजूद थे।

# आपदा पीड़ितों की मदद के लिए सरकार तत्पर: जोशी

खटीमा (उद संवाददाता)। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चन्द्र जोशी ने प्रेस वार्ता में बताया कि नौ जुलाई को खटीमा मे आई आपदा में राहत के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा दस करोड़ की धनराशि आवंटित की जा चुकी है जिसके तहत आपदा से पीड़ित प्रत्येक परिवार को सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। आपदा की घड़ी में प्रदेश सरकार द्वारा पूरी संवेदनशीलता के साथ खटीमा की जनता के लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। ऐसा मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि लगातार प्रदेश के मुखिया आपदा राहत कार्यों पर नजर रखे हुए हैं। भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता अपने-अपने स्तर पर बाढ़ पीड़ितों को सहायता राशि उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन का सहयोग कर रहे हैं। संकट की इस घड़ी में विपक्ष को भी प्रशासन का सहयोग करना चाहिए। यह समय राजनीति करने का नहीं है। यह समय जनता की मदद करने का है। उन्होंने कहा कि विपक्ष में बैठे विधायक को अपनी निधि से आपदा पीड़ितों को धन आवंटित करना चाहिए। मुख्यमंत्री के सख्त दिशा निर्देश हैं कि जो जो आपदा से नुकसान हुआ है, सड़के टूटी है पुल टूटे हैं जल्द ही इसके लिऐ धन आवंटित किया जायेगा। जिन व्यापारियों का आपदा में नुकसान हुआ है उनको भी शीघ्र आपदा राशि उपलब्ध कराई जाएगी। जिला महामंत्री सतीश गोयल एवं नगर महामंत्री मनोज वाधवा ने आपदा पीड़ित व्यापारियों का जल्द सर्वे पूरा कर उनको सहायता राशि उपलब्ध कराने की मांग की। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से जिला महामंत्री सतीश गोयल, नगर अध्यक्ष



जीवन धामी ,नगर महामंत्री मनोज वाधवा, पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष गंभीर सिंह धामी, भाजपा नेता भवानी भंडारी, राहुल सक्सेना, करण यादव, कमल चौहान, मेहताब रजा, सतीश अग्रवाल, माधवानंद तिवारी उपस्थित थे।

# भाविप सदस्यों ने लगाए पौधे

नानकमत्ता (उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद शाखा नानकमत्ता ने हरेला पर्व पर फलदार तथा छाया पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस दौरान लक्ष्मण दास जी महाराज का सानिध्य भी प्राप्त हुआ। गुरुदेव लक्ष्मण दास ने भी पौधारोपण किया । उन्होंने समय समय पर पेड़ लगा कर पर्यावरण को बचाने का संदेश भी दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी उमेश अग्रवाल ने



कहा कि पर्यावरण के लिए हमें सबको मिलकर फलदार व छायादार पौधे लगाकर समाज के लोगों को पेड़ पौधे लगाने के लिए जागरूक करें। तभी हम पर्यावरण को स्वच्छ रूप से बचा पाने में सक्षम होंगे। इस अवसर पर प्रांतीय संयोजक उमेश अग्रवाल, सूरज सक्सेना ,शाखा के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल , महामंत्री छगन अग्रवाल , छगन अग्रवाल , मोहित अग्रवाल , मुकेश गोयल , यश अग्रवाल , पारुस गोयल आदि उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया हरेला पर्व

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जैन ग्लोबल स्कूल में हरियाली का प्रतीक हरेला पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न कुमांऊनी लोक परंपरा को मंच पर प्रदर्शित किया। छात्रों ने कार्यक्रम का आरंभ कुमाऊनी सरस्वती वंदना के साथ किया। तत्पश्चात कुमाऊं के लोक पर्व हरेला के इतिहास एवं परम्परा से जुड़े पर्यावरणीय मूल्यों को लघु नाटक के द्वारा मंच पर प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसपी काइम चंद्रशेखर घोड़के ने छात्रों को संबोधित करते हुए कुमाऊं के लोक पर्व हरेला के पर्यावरणीय महत्व से छात्रों को अवगत कराते हुए



प्रकृति के संरक्षण का सन्देश दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि आई सर्जन अग्रसेन हॉस्पिटल डॉक्टर नूतन जैन, विद्यालय के प्रबंधक योगेश जैन एवं प्रधानाचार्य दीपक गुप्ता ने विद्यार्थियों का हरेला पर्व की शुभकामनायें प्रेषित की।

# धामी सरकार पर साधा निशाना

दिनेशपुर(उद संवाददाता)।गदरपुर किसान कांग्रेस विधान सभा अध्यक्ष जगदीप सिंह ने भाजपा सरकार को किसान विरोधी बताया। महंगाई बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर सिंह ने धामी सरकार की कार्यकाल को निराशाजनक और असफल बताया। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि धामी सरकार के कार्यकाल तीन साल से अधिक समय व्यतीत हो चुके है।अपने कार्यकाल की उपलब्धियां को लेकर भाजपा प्रदेश भर में बड़े कार्यक्रम आयोजित कर चुके है। जिसमें धामी सरकार के कार्यकाल की उपलब्धियों को गिनाया जा रहा है। किसान कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष जगदीप सिंह ने कहा धामी सरकार ने इन दो वर्षों में महिला सशक्तिकरण की दिशा में कोई काम नहीं किया। एनसीआरबी की रिपोर्ट के मुताबिक महिला अपराध में उत्तराखंड हिमालयी राज्यों में पहले नंबर पर पहुंच गया है। किसानों के लिए सरकार के पास कोई खास रोड मैप प्लान नही है। इस समय केन्द्र में विपक्ष मजबूत भूमिका निर्वाहन कर रही है। जिसके



फलस्वरूप उपचुनाव में बदरीनाथ तथा मंगलौर विधानसभा सीट कांग्रेस के झोली में है। महंगाई पर सरकार गरीब तबके के लोगों की कमर तोड़ रही है। इसका जवाब प्रदेश की जनता आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा की सरकार को उत्तराखंड से उखाड़ फेकेगी।




## राज्यपाल ने प्रदेशवासियों को दी 'हरेला' पर्व की शुभकामनाएं

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने प्रदेशवासियों को लोकपर्व 'हरेला' की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को समर्पित 'हरेला' पर्व उत्तराखण्ड की सांस्कृतिक परंपरा और प्रकृति के संरक्षण एवं संवर्द्धन का पर्व है। उन्होंने कहा कि हरेला पर्व हमारी



लोक संस्कृति, प्रकृति और पर्यावरण के साथ जुड़ाव का भी प्रतीक है। हमारी प्रकृति को महत्व देने की हमारी परंपरा रही है और हम प्रकृति के विभिन्न रूपों की पूजा करते हैं। हमारी इन परंपराओं का वैज्ञानिक आधार भी है। राज्यपाल ने कहा कि हमें उत्तराखण्ड की पर्यावरण हितैषी परंपराओं को आगे बढ़ाना है तथा हरेला पर्व के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के संदेश के प्रति लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने कहा की वर्तमान में ग्लोबल वार्मिंग तथा पर्यावरण असंतुलन जैसी समस्याओं के चलते पर्यावरण संरक्षण का महत्व बढ़ गया है। उन्होंने कहा की हमें प्रकृति संरक्षण और प्रेम की अपनी संस्कृति के साथ ही उत्सवों को मनाए जाने की परंपरा को बनाए रखना होगा। राज्यपाल ने कहा कि हम सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ''एक पौधा माँ के नाम'' मुहिम का हिस्सा बनकर एक-एक पौधा अवश्य लगाएं।

## खाई में गिरी कार देहरादून के युवक की दर्दनाक मौत

उत्तरकाशी। उत्तरकाशी में गंगोत्री हाईवे पर डुंडा के पास सोमवार दोपहर दर्दनाक हादसा हो गया। सिंगोटी के पास एक कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। हादसे में देहरादून निवासी एक युवक की मौत हो गई। डुंडा चौकी प्रभारी तसलीम आरिफ ने बताया कि करीब तीन बजे कार हादसे की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। कार में एक ही व्यक्ति सवार था। कार सड़क से करीब 100 मीटर नीचे गिरी थी। खड़ी चट्टान होने के कारण रेसक्यू में थोड़ी दिक्कतें भी आई। घटनास्थल पर मिले आधारकार्ड से शव की पहचान ममलेश(42) पुत्र रामलाल नई बस्ती, पार्क रोड देहरादून के रूप में हुई। पुलिस ने शव को खाई से निकालकर अस्पताल पहुंच दिया है। परिजनों को भी सूचित किया जा रहा है।

# हरेला पर्व पर कामां आश्रम में किया पौधरोपण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने आज हरेला पर्व पर श्री हरि कृपा आश्रम परिसर कामां, भरतपुर राजस्थान में उपस्थित विशाल भक्त समुदाय के साथ पौधारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने भक्तजनों को संबोधित करते हुए कहा कि व्रक्षतभगवान शंकर के प्रतिरूप ही हैं। भगवान शिव ने लोकहित में विषपान किया व संसार को अमृत बाँटा। ठीक उसी प्रकार वृक्ष भी कार्बन डाइऑक्साइड का जहर पीकर आक्सीजन का अमृत बाँटते हैं। वृक्ष पृथ्वी माता के श्रंगार तो हैं ही साथ ही हम सभी को भी जीवन व प्राण देते हैं। उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग का प्रभाव सम्पूर्ण विश्व में आज हमें प्रत्यक्ष दिखाई दे रहा है। निरंतर बढता हुआ पर्यावरण का



असंतुलन व घातक प्रदूषण भविष्य के लिए घोर चिंता का विषय है। समय रहते यदि हम जागरूक ना हुए तो भविष्य में होने वाले विनाशकारी दुष्परिणामों को भोगने के लिए हमें मजबूर होना पड़ेगा।उन्होंने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण हम सभी का पुनीत कृर्तव्य है । ग्लोबल वार्मिंग व समय-समय पर विभिन्न स्थानों पर हो रही भयानक प्राकृतिक आपदाओं का कारण पर्यावरण का विकृत होता स्वरूप ही है। उन्होंने कहा कि प्रकृति माँ को शृंगार विहीन होने से बचाएँ। पृथ्वी माँ के श्रृंगार हैं वृक्ष। प्रकृति हमारी जन्मदात्री माँ से भी अधिक हमारी रक्षा करती है, परंतु प्रकृति के नियमानुसार यदि नहीं रह कर अपितु उससे खिलवाड़ करें तो यह रक्षक होने के बजाय हमारी भक्षक भी बन सकती है। आए दिन जहाँ तहाँ बाढ़, भूकंप, सूखा, प्राकृतिक अन्यान्य विपदाएँ हमारी प्रकृति के साथ खिलवाड़ का ही परिणाम रहा है। प्राकृतिक सौंदर्य, वनसंपदा आदि हमारी प्रकृति माँ के श्रृंगार है पृथ्वी माँ को शृंगार विहीन होने से बचाने के लिए स्वयं को प्राकृतिक आपदाओं से बचाकर सुखी भविष्य बनाने के लिए अपने क्षेत्र के सौंदर्य आकर्षण पहचान को बनाए रखने के लिए प्रकृति व यहाँ की अमूल्य ऐतिहासिक धरोहरों के साथ खिलवाड़ बंद करके उनके संरक्षण पर ध्यान देना बहुत ही आवश्यक है। समय रहते यदि हमने इस ओर ध्यान नहीं दिया तो बाद में पश्चाताप के अलावा हमारे हाथ कुछ भी शेष नहीं रहेगा। सभी भक्तों ने वृक्षारोपण का व वृक्षों के संरक्षण का संकल्प भी लिया।

## प्राचीन पूर्णागिरी मंदिर के लिए एक करोड़ स्वीकृत

खटीमा(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा विधानसभा क्षेत्र खटीमा के अंतर्गत ग्राम नगरा तराई में स्थित प्राचीन मां पूर्णागिरी मंदिर के जीर्णोद्धार, चाहरदीवारी फर्श एवं सौन्दर्यीकरण कार्य हेतु एक करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। मुख्यमंत्री द्वारा विधानसभा क्षेत्र खटीमा के अंतर्गत अमाऊ ओमकारेश्वर मंदिर प्रांगण की चार दीवारी छठ पूजा स्थल निर्माण एवं मंदिर के सौन्दर्यीकरण के लिए भी रूपये 94 लाख की धनराशि स्वीकृति की गई है।

# रेलवे अंडरपास खुलवाने के लिए सौंपा ज्ञापन

रूद्रपुर।नगर निगम के निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह एवं भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सांसद अजय भट्ट एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा से मुलाकात कर रेलवे अंडरपास खुलवाने की वर्षों पुरानी मांग को लेकर ज्ञापन देते हुए विस्तृत रूप से चर्चा की। रामपाल सिंह बताया कि छतरपुर रोड से नैनीताल रोड को जोड़ने वाला अहम मार्ग है। इसके आस पास करीबन दर्जनों से अधिक गांव है मार्ग ना होने से करीब तीस हजार की आबादी हर रोज प्रभावित हो रही है ऐसे में अंडरपास ना होने से काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। तमाम साइकिल व बाइक सवार जान जोखिम में डालकरट्रैक के ऊपर से गुजरते हैं। अंडरपास निर्माण कार्य होने से रुद्रपुर शहर को भी जाम की स्थिति से निजात मिलेगा आसपास रहने वाले हजारों लोगों को जिन्होंने किसी न किसी काम से सिडकुल, जिला चिकित्सालय, विकास भवन, स्पोर्ट्स स्टेडियम, पुलिस लाइन अटरिया मन्दिर रोड, पंतनगर हवाई अड्डा, हल्द्वानी आदि आने जाने के लिए इस मार्ग का इस्तेमाल कर सकेंगे जिससे सबका आवागमन सुगम हो सकेगा। किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान ने बताया कि जब वह भूरारनी के ग्राम प्रधान थे तब से इस रेलवे अंडरपास की मांग को लेकर लगातार संघर्ष कर रहे थे। यह एक जनहित का मुद्दा है लगभग तीस हजार लोग इससे प्रभावित हो रहे हैं और शीघ्र ही रेलवे अंडरपास का काम शुरू होना अति आवश्यक है। जिस पर कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने आश्वस्त किया कि रेलवे अंडरपास निर्माण से संबंधित जो भी तकनीकी रुकावटे थी उन्हें दूर किया जा रहा है शीघ्र ही रेलवे अंडरपास का काम शुरू हो जाएगा।










## जीएसएम स्कूल में छात्रों ने रोपे पौधे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जीएसएम पब्लिक स्कूल सरस्वती एनक्लेव फुलसुंगा में स्वयंसेवियों ने हरेला पर्व पर लगभग 30 पौधों का रोपण किया। इसमें नीम, आंवाला, इमली, कनेर इत्यादि पौधे सम्मिलित थे। इससे पूर्व सभी छात्र छात्राओं को हरेला पर्व के महत्व तथा इस वर्ष हरेला पर्व मनाए जाने के औचित्य पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया। प्रधानाचार्य सुनीता शर्मा ने बताया कि हरेला पर्व उत्तराखंड में प्राचीन काल से ही प्रकृति के लिए समर्पित एक प्रमुख क्षेत्रीय त्यौहार है। इसका मुख्य उद्देश्य प्रकृति तथा मनुष्य के बीच में संतुलन बनाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाए जाने के लिए प्रेरित किया जाता है। इस अवसर पर सुनीता शर्मा, एकता बिश्नोई, रजनी रावत, उर्मिला प्रजापति, रीना तिवारी, सुनिधि चौबे, मीना बिष्ट, विमल गंगवार, एसपी चौबे, शबनम, रचना यादव, रेनू पाठक, प्रेमा बोरा सहित समस्त स्टाफ तथा छात्र छात्राएं उपस्थित थे।



## एसएसपी ने किया जिला पुलिस निर्वाचन कंट्रोल रूम का उदघाटन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एसएसपी डॉ, मंजुनाथ टीसी ने उत्तराखंड के लोकप्रिय पर्व हरेले के शुभ अवसर पर पुलिस कार्यालय में नवनिर्मित प्री ख्र फेब्रिकेटेड हाइटेक जिला पुलिस निर्वाचन कंट्रोल रूम का विधि विधान से पूजा कर उद्घघाटन किया। उत्तराखंड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम द्वारा उक्त कंट्रोल रूम का निर्माण कराया गया है। जिनके अधिकारियों को एसएसपी द्वारा शॉल ओढ़ाकर और मोमेन्टो देकर सम्मानित किया गया। पूजन कार्यक्रम में एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोंटके, एसपी सिटी मनोज कत्याल, एएसपी/सीओ सिटी निहारिका तोमर, पुलिस उपाधीक्षक संचार रेवधर मठपाल, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक मनीष शर्मा व पुलिस कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



## निर्धन कन्या के विवाह में मदद के लिए बढ़ाये हाथ

रूद्रपुर( उद संवाददाता) ।पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने रम्पुरा वार्ड नो 23 एक राम आर्य पार्क में पहुँचकर निर्धन कन्या विनीता पुत्री राजपाल के विवाह में मदद के लिए हाथ बढ़ाते हुए अपनी ओर से दहेज का घरेलू सामान, कंबल, डिनर सेट, वाटर कूलर, कुकर, प्रेस, पंखा एवं कपड़े आदि प्रदान किये। इस दौरान पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने उन्होंने नव दंपत्ति को आशीर्वाद देते हुए सुखमय वैवाहिक जीवन की कामना की। इस दौरान अजय नारायण, गगन ग्रोवर, राजू गुप्ता, विशाल मेहरा, ललित बिष्ट ,बंटी कोलीआदि सहित कई लोग उपस्थित थे।



## लापता लड़कियों को बरामद कर परिजनों के चेहरों पर लौटाई मुस्कान

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। लापता बच्चों की बरामदगी के लिए चलाये जा रहे ऑपरेशन स्माइल अभियान के तहत जनपद की एंटी ह्युमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने दो नाबालिग लड़कियों को परिजनों से मिलाकर उनके परिवारजनों के चेहरों पर मुस्कान लौटा दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं सहायक पुलिस अधीक्षक/ नोडल अधिकारी ऑपरेशन स्माइल टीम के दिशा- निर्देशन में एवं प्रभारी निरीक्षक एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के नेतृत्व में ऑपरेशन स्माईल टीम ने लापता मंजू पुत्री सरजेस निवासी इंद्रा कालोनी पंतनगर को ढूंढकर परिजनों के सुपुर्द किया गया। गुमशुदा को सुरक्षित पाकर परिजनों के चेहरों पर मुस्कान लौट आयी। इसके अलावा टीम ने गुमशुदा सुमन पुत्री प्रेमवती निवासी गोविंद नगर ट्रांजिट कैम्प जो घर से नाराज होकर कही चली गई थी को कड़ी मेहनत कर सितारगंज में रेस्क्यू किया वह अपनी बुवा के घर रह रही थी। टीम ने खोज बीन कर उसे रेस्क्यू कर परिजनों को सौप दिया जिस पर परिजनों ने राहत की सांस ली साथ ही उत्तराखण्ड पुलिस का आभार व्यक्त किया। दोनों लड़कियों को बरामद करने वाली टीम में निरीक्षक जीतो कम्बोज,अपर उपनिरीक्षक अमित कुमार, हेड कांस्टेबल सुभाष चन्द्र,कांस्टेबल ममता मेहरा, प्रियंका कोरंगा आदि शामिल थे।





## पर्यावरण की रक्षा सबकी जिम्मेवारी: चुघ

रुद्रपुर( उद संवाददाता) ।उत्तराखंड के लोक पर्व हरेला के अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता और समाजसेवी भारत भूषण चुघ ने स्कूल में पौधारोपण किया ।उन्होंने कहा की हरेला पर्व पर्यावरण संवर्धन का दिवस है और एक पेड़ मां के नाम को समर्पित करते हुए उन्होंने विंटेज हाल रेजिडेंशियल गर्ल्स स्कूल में विद्यालय के डायरेक्टर सुखदीप सिंह ऋषि की माताजी की याद में पौधारोपण किया। चुघ ने स्कूल परिसर में पौध ारोपण के अवसर पर कहा कि कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम समर्पित का संदेश पूरे देश को दिया था और सभी से पेड़ लगाने का आग्रह किया था। उन्होने कहा कि पर्यावरण की रक्षा के लिए सभी को जागृत होना होगा तभी पर्यावरण की रक्षा हो सकती है। वर्तमान समय में प्रदूषण बहुत मात्रा में बढ़ता जा रहा है ऐसे में पौधारोपण से ही प्रदूषण से बचाव हो सकता है और पर्यावरण की रक्षा होती है ।उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को पौधारोपण करना चाहिए साथ ही उनकी देखभाल भी करनी चाहिए ताकि यह पेड़ पौधे बड़े होकर पर्यावरण के संवर्धन का कार्य करें स्कूल के डायरेक्टर सुखदीप सिंह ऋषि ने कहा कि सभी छात्राओ को एक पेड़ हर वर्ष लगाना और अपने जूनियर छात्राओं को भी कहना चाहिए कि एक पेड़ वर्ष में जरूर लगाए और उनका पालन पोषण भी करेंइस अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल सीमा शारदा ऋतु शुक्ला स्कूल की कैप्टन स्तुति कुमारी वाइस कैप्टन नव्या चुघ स्कूल के स्टाफ और 12वीं क्लास की सभी छात्राएं इस पुनीत कार्य में उपस्थित थी।



## बाईक सवार को बचाने में कार ट्राले से भिड़ी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बिलासपुर मार्ग पर बाईक सवार को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित कार सड़क किनारे खड़े ट्राले से जा भिड़ी। इस दुर्घटना में कार में लगे एयर बैग के खुल जाने से कार चालक सुरक्षित बच गया। हांलांकि उसे मामूली चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार प्रीत विहार कालोनी निवासी मूल निवासी कोलकाता सुनील बागोरिया पुत्र नन्दकिशोर अपनी कार संख्या एचआर 01 एएच 9959 में सवार होकर घर से लोक विहार के लिए रवाना हुआ था। अभी वह मुख्य मार्ग पर मोड़ के पास ही पहुंचा था कि अचानक सामने तेज गति से बाईक सवार युवक आ गया। जिसे बचाने के प्रयास में सुनील वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा और कार अनियंत्रित होकर मार्ग किनारे खड़े ट्राला संख्या एनएल 01 जी 7902 से पीछे से जा भिड़ी। इस दुर्घटना के होते ही कार में लगा एयर बैग खुल गया जिससे सुनील की जान तो बच गई लेकिन उसे मामूली चोटें आ गईं। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिसकर्मी मौके पर आ गये। घटना में कार काफी रूप से क्षतिग्रस्त हो गई।



## इंडिया बेस्ट डांसर के मेगा ऑडिशन में पहुंचा दीपक

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर के निवासी बेहतरीन डांसर दीपक शाही पुत्र प्रकाश शाही व आशा शाही सोनी के सबसे बड़े डांसिंग शो इंडिया बेस्ट डांसर के ऑडिशन राउंड को पार करके मेगा ऑडिशन में पहुंच गया है। दीपक शाही नेपो ने 5 वर्ष की उम्र से डांस करना शुरू कर दिया था। जैसे जैसे दीपक की उम्र बढ़ती गई वैसे-वैसे वह डांस में और बेहतर करने लगा। परिजनों ने बताया कि दीपक शाही ने सिटी लेवल डिस्ट्रिक्ट लेवल और स्टेट लेवल की चौंपियनशिप जीती और वर्ष 2022 और 23 में रेड बुल डांस योर स्टाइल इंडिया चैंपियन बना और इंडिया का प्रतिनिधित्व करने वर्ल्ड ऑफ डांस दक्षिण अफ्रीका और जर्मनी में गया और अब सोनी के सबसे बड़े डांसिंग शो इंडिया बेस्ट डांसर के ऑडिशन राउंड को पार करके मेगा ऑडिशन में पहुंच गया है।उन्होंने बताया कि दीपक शाही बहुत मेहनती लड़का रहा है तथा अपने डांस को लेकर हमेशा गंभीर रहता है। उसी का नतीजा है कि आज वह डांसिंग के सबसे बड़े मंच इंडिया बेस्ट डांसर में पहुंच गया है। यह हल्द्वानी और उत्तराखंड के लिए गर्व की बात है। यू तो नेपो के कई डांस टीचर रहे। मगर नेपो को सबसे ज्यादा सपोर्ट मुकेश सागर और उनके जीजा सुरेंद्र सिंह बिष्ट ने हमेशा सपोर्ट किया। दीपक शाही अपनी इस कामयाबी के लिए अपने माता पिता को धन्यवाद और अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता को देता है। अब दीपक से यही उम्मीद है कि वह इंडिया बेस्ट डांसर की ट्रॉफी हल्द्वानी लेकर आए और हल्द्वानी उत्तराखंड को गौरवानित करे।



उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# जवानों की शहादत

आतंकवादी अब कश्मीर के साथ-साथ फिर से जम्मू क्षेत्र को अपना ठिकाना बनाने लगे हैं। पिछले करीब डेढ़ दशक के दौरान सुरक्षा बलों के आतंकवाद के खिलाफ विशेष अभियान के बाद जम्मू क्षेत्र अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण रहा। आतंकी खतरे के लिहाज से जम्मू को काफी हद तक सुरक्षित माना जाने लगा था। मगर पिछले दो-तीन माह से इस क्षेत्र में आतंकवादी हमले बढ़ने लगे हैं। डोडा जिले में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में सेना के एक कैप्टन सहित चार जवानों की शहादत इसी का उदाहरण है। इस इलाके में पिछले तीन सप्ताह के भीतर सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ की यह तीसरी बड़ी घटना है। आतंकी अब जम्मू में लक्षित हमलों को भी अंजाम दे रहे हैं। पिछले माह रियासी जिले में एक बस पर आतंकी हमले में नौ तीर्थयात्रियों के मारे जाने की घटना इनमें से एक है। जम्मू क्षेत्र में बढ़ती आतंकी घटनाएं सुरक्षा बलों और शासन-प्रशासन के लिए गंभीर चिंता का विषय है। इस आतंकी सक्रियता के पीछे सीमा पार बैठे आतंकी सरगनाओं की सोची-समझी चाल है। वे किसी भी सूरत में जम्मू-कश्मीर में स्थायी तौर पर अमन-चैन बहाल नहीं होने देना चाहते। डोडा जिले में मुठभेड़ की यह ताजा घटना कठुआ जिले के दूरस्थ माचेड़ी वन क्षेत्र में सेना के गश्ती दल पर आतंकी हमले के कुछ ही दिन बाद हुई है, जिसमें पांच सैनिक शहीद हो गए थे। गौरतलब है कि हाल में ज्यादातर मुठभेड़ की घटनाएं सुरक्षा बलों के तलाशी अभियान के दौरान हुई हैं। यानी सुरक्षा बलों को क्षेत्र में आतंकियों के छिपे होने की सूचना तो मिल जाती है, लेकिन वे किस तरह के हथियारों से लैस हैं और उनकी रणनीति क्या है, इसकी स्टीक जानकारी नहीं मिल पाती है। खुफिया जानकारियों में यह बात सामने आई है कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी खुद को सुरक्षा एजंसियों की नजर से बचाने के लिए अब 'संरक्षण और समेकन' की रणनीति अपना रहे हैं। यानी आतंकवादी सीमा पार से घुसपैठ करने के बाद शुरुआत में चुप रहते हैं और स्थानीय आबादी के साथ घुलमिल जाते हैं। जैसे ही उन्हें सीमा पार से निर्देश मिलता है, वे हमले को अंजाम देने में जुट जाते हैं। उत्तरी कश्मीर और जम्मू क्षेत्र में हाल में आतंकियों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले इसका ताजा उदाहरण हैं। आम लोगों के बीच छिपे हुए आतंकवाद के इस खतरे से निपटने के लिए सुरक्षा बलों को जल्द ठोस और कारगर रणनीति बनानी होगी। तकनीकी खुफिया जानकारी के साथ-साथ जमीनी स्तर पर 'मानव खुफिया' नेटवर्क भी मजबूत करने की जरूरत है। खुफिया जानकारियों में यह बात भी सामने आई है कि आतंकवादी सीमा पार से संपर्क के लिए 'अल्ट्रा सेट' फोन जैसे एन्क्रिप्टेड संचार उपकरणों का उपयोग करने लगे हैं, जिससे उनके ठिकाने और रणनीति की सटीक जानकारी हासिल कर पाना मुश्किल हो जाता है। इस तरह की तकनीकी चुनौती से पार पाने के लिए भी सुरक्षा एजंसियों को गंभीरता से विचार करना होगा। वहीं, जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक का कहना है कि आतंकवादी पंजाब से लगती पाकिस्तान की सीमा से भी घुसपैठ कर जम्मू पहुंच रहे हैं। इसलिए इस इलाके में फिर से आतंकी वारदात बढ़ने लगी हैं। अगर ऐसा है तो सुरक्षा बलों के साथ-साथ पंजाब और जम्मू-कश्मीर प्रशासन को सीमा पर घुसपैठ रोकने के लिए साझा रणनीति बनाने की जरूरत है, ताकि आतंकियों के तंत्र को नेस्तनाबूद किया जा सके।

# सिल्क्यारा रेस्क्यू ऑपरेशन में बाबा बौखनाग की कृपा से असंभव कार्य संभव हुआ : धामी

## देहरादून में सीएम धामी ने किया बाबा बौखनाग की डोली यात्रा का भव्य स्वागत

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने परेड़ ग्राउण्ड में बाबा बौखनाग की डोली के अयोध्या धाम भ्रमण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने बाबा की पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की तथा डोली को स्वयं कंधा देकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने बाबा बौखनाग डोली समिति के सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि उनकी भी बाबा बौखनाग के प्रति गहरी आस्था है। बाबा की कृपा पूरे उत्तराखण्ड पर है। इसका उदाहरण सिलक्यारा सुरंग में फंसे श्रमिकों की सकुशल निकासी है। इन्हीं की कृपा से यह असंभव कार्य संभव हो सका। उन्होंने कहा कि इसके लिये प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भी विशेषज्ञों के साथ इंदौर, चेन्नई, हैदराबाद आदि स्थानों से मशीनरी भेजी तथा विदेशों से भी विशेषज्ञ बुलाये, सिलक्यारा टनल में फंसे श्रमिकों की सकुशल वापसी में आ



रहे अवरोध के समय हम सब विचलित हो रहे थे। उस समय हमें बाबा का स्मरण करने से रास्ता मिला और सभी लोग रेस्क्यू ऑपरेशन के अंतिम दिन तीन घंटे के बजाय आधे घंटे में ही बाहर आए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मिशन सिलक्यारा की सफलता में बाबा बौखनाग जी की असीम कृपा और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन, प्रगाढ़ इच्छाशक्ति के साथ ही पग-पग पर उनके सहयोग से विभिन्न संस्थानों, सेना के जवानों, रैट माइनर्स और ग्राउण्ड जीरो पर राज्य सरकार के समेकित प्रयासों से सुरंग में फंसे मजदूरों को जीवन बचाने में हम सफल हो पाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उस समय उन्होंने वहां पर बाबा बौखनाग के मंदिर निर्माण की घोषणा की थी, वह कार्य हो रहा है। शीघ्र ही मंदिर बन कर तैयार हो जायेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बड़कोट पंपिंग पेयजल योजना के शीघ्र समाधान का आश्वासन देते हुए बाबा बौखनाग मेले को राजकीय मेले के रूप में आयोजित किये जाने की बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन, तीर्थाटन राज्य की आर्थिकी का मजबूत आधार है। इस अवसर पर विधायक श्री दुर्गेश्वर लाल, समिति के अध्यक्ष श्री जयेन्द्र सिंह रावत, पूर्व विधायक श्री राजकुमार, श्री मनवीर चौहान, श्री विनोद डोभाल, श्री दीपक बिजल्वाण, श्री सतेन्द्र राणा, श्री आलोक रावत, श्री चण्डी प्रसाद, श्री यशवंत सिंह, श्री गोपाल सिंह रावत आदि उपस्थित रहे।

# 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान को जन आंदोलन में बदलने की जरूरत

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को आंगनवाड़ी केंद्र कोटी भानियावाला, देहरादून में महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा आयोजित "हरेला महोत्सव-एक पेड़ मां के नाम" कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग कर अपनी माताजी स्वर्गीय श्रीमती कंस कौर जी के नाम पर रुद्राक्ष का पौधा रोपित किया। इस अवसर पर इस परिसर में कुल 100 पौधे का रोपण किया गया। कार्यक्रम के अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि हम सब मिलकर इस त्योहार को, पर्यावरण के साथ अपने जुड़ाव को पूरे हर्षोल्लास



के साथ मनाएं और ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं। राज्यपाल ने कहा कि हमें प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर माताओं को समर्पित 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान को जन आंदोलन में बदलने का प्रयास करना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि भगवान शिव के प्रिय श्रावण मास में मनाए जाने वाले हरेला पर्व का विशेष महत्व है। उन्होंने देवभूमि की सांस्कृतिक धरोहर एवं परंपरा के प्रतीक 'हरेला' पर्व पर भगवान बद्री विशाल व बाबा केदारनाथ से सभी देशवासियों के जीवन में उत्तम स्वास्थ्य, सुख व समृद्धि की कामना की। राज्यपाल ने कहा कि हरेला लोक पर्व का उद्देश्य लोगों को प्रकृति के संरक्षण एवं संवर्धन से जोड़ना भी है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण उत्तराखंड की संस्कृति में रहा है, इसलिए प्रतिवर्ष पौधे लगाना पर्यावरण की रक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पर्व प्रकृति द्वारा हमें प्रदान की गई चीजों का जश्न मनाने का एक तरीका भी है। उन्होंने वृक्षारोपण के उपरांत नवरोपित पौधों के संरक्षण हेतु विशेष ध्यान देने की अपील की। इस अवसर पर राज्यपाल ने प्रदेशवासियों को सुझाव देते हुए कहा कि दूसरे व्यक्तियों से भेंट के दौरान बुके की जगह पर उपहार स्वरूप पौधा भेंट करें तो इससे निश्चित ही उत्तराखण्ड में हरियाली अभियान को व्यापकता मिलेगी। इस अवसर पर महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि इस वर्ष हरेला पर्व के अवसर पर आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से 35 हजार पौधा रोपण का लक्ष्य रखा है। प्रदेश सरकार संस्कृति, विरासत और पारंपरिक त्योहारों के संरक्षण एवं संवर्धन पर विशेष जोर दे रही है। कार्यक्रम में सचिव, महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास श्री चन्द्रेश यादव, आंगनवाड़ी केंद्र के कार्यकर्तियां एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# देवकी लघु वाटिका ने बांटे हजारों पौधे

बागेश्वर(उद संवाददाता)।हरेला महापर्व की पूर्व संध्या पर देवकी लघु वाटिका से 225परिवारों, 15विधालयों एवं अनेक विभाग व सस्थायों को हर वर्ष की भाँति चंदन, परिजात, सिलिंग, पीपल, बरगद, तिमूल, तिमू, बांज, जामुन, आवला,बाँस,अमरुद्, अनार, कटहल, नीबू, तेजपत्ता ,अपराजिता, गुलबहार, कौल,बेलपत्र आदि के हजारों पौधे निशुल्क भेंट किए गए है। पूर्व में रोपित पौधों की भी जानकारी प्राप्त हुई मातृशक्ति, युवाओं कीअधिक सेअधिक भागीदारी के साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रसिद्ध हरियाली का प्रतीक हरेला पर्व आज उत्तराखंड ही नहीं पूरे देश के साथ विश्व में भी अपनी अहम भूमिका निभाने वाला पर्व बन गया है।वृक्ष मित्र किशन सिंह मलड़ा ने हरेला पर्व को राष्ट्रीय पर्यावरण पर्व की मान्यता दिए जाने, प्रकृति के अनुकूल वातावरण पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपने आप में हरेला पर्व को अद्भुद बताया है। पौध प्राप्त करने आये पर्यावरण प्रेमियों के साथ वाटिका में मधुनाशनि का पौधा रोपित कर



हरेला की शुभकामनाएं दी गई जिसमें लघु वाटिका की नींव रखने वाली वृक्ष मित्र किशन सिंह मलड़ा की माता देवकी देवी, रमा देवी, ममता, मनीषा मलड़ा, प्रकृति, बबिता कपकोटि, दिव्या पांडेय,गौरव कर्मयाल, कैलाश फर्श्वाण, ओम प्रकाश मेहता, भूपेंद्र सिंह, संजय टमटा,भजन सिंह, नरेंद्र बोरा, राजेंद्र बिष्ट, राम सिंह, प्रकाशजोशी,कर्नल गंगा सिंह बिष्ट, प्रशांत मलड़ा, वीरेंद्र, पुरन चंद्र भट्ट आदि ने सहयोग किया। सभी लोगों से अपने और अपनों के नाम पर एक वृक्ष को अवश्य संरक्षित कर पर्यावरण संरक्षण में अहम योगदान देने की अपील की है।

# बलि बूबू मंदिर में संगीतमय अखंड रामायण पाठ शुरू

गरुड़(उद संवाददाता)। तहसील के प्रसिद्ध बलि बूबू मंदिर में पूजा अर्चना के साथ संगीतमय अखंड रामायण पाठ शुरू हो गया है। इस मौके पर भक्तों ने भजन कीर्तन पेश कर क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय बना दिया। पूरे इलाके में भक्ति की रसधार बह रही है। गरुड़ बाजार से पंद्रह किमी दूर बलि बूबू मंदिर क्षेत्र के लोगों की अटूट आस्था व अगाध श्रद्धा का केंद्र है। यहां दूर- दूर से लोग पूजा करने आते हैं। यहां चमोली व अल्मोड़ा जनपद से भी लोग पूजा करने आते हैं। यहां सच्चे मन से की गई मुराद अवश्य पूरी होती है। मंदिर कमेटी प्रतिवर्ष यहां अखंड रामायण पाठ व भंडारे का आयोजन करती है। मंगलवार को पूजा अर्चना के साथ अखंड रामायण पाठ शुरू हो गया है। इस मौके पर भक्तों ने भजन कीर्तन भी प्रस्तुत कर वातावरण भक्तिमय बना दिया। इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष व पूर्व जिपं उपाध्यक्ष देवेंद्र परिहार, पूर्व जिपंस जितेंद्र मेहता, उपाध्यक्ष बलवंत सिंह रावत, कोषाध्यक्ष त्रिलोक बुटौला, कैलाश परिहार, मदन मोहन सिंह परिहार, महेंद्र सिंह फर्सवाण, कमलेश मेहता, राजेंद्र सिंह परिहार, प्रमोद परिहार, भीम सिंह फर्सवाण आदि मौजूद थे। आयोजकों ने बताया कि बुधवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। लोगों को लाने के लिए गरुड़ से तीन बसें निशुल्क लगाई गई हैं। उन्होंने क्षेत्रीय जनता से भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

# हरेला पर्व पर आयोजित किया सामूहिक पौधारोपण अभियान

बागेश्वर(उद संवाददाता)। पर्यावण संरक्षण और संवर्धन के लिए उत्तराखंड राज्य का प्रख्यात हरेला महापर्व बागेश्वर जिले में उत्सुकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिले भर में बड़े पैमाने में अनेक प्रजातियों का वृक्षारोपण किया। जिला मुख्यालय में जिला जजी परिसर के निकट वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में जिला जज नरेंद्र दत्त,जिलाधिकारी अनुराधा पाल,एसपी अक्षय कोंडे, सीडीओ आरसी तिवारी, प्रभारी प्रभागीय वनाधिकारी सुनील कुमार समेत समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों द्वारा बढ़-चढ़कर प्रतिभाग कर अनेक प्रजाति की पौध रोपित कर पर्यावण संरक्षण और संवर्धन का संदेश दिया। इस बार हरेला पर्व पर पर्यावरण की रखवाली,घर-घर हरियाली,लाए समृद्धि और खुशहाली थीम के तहत वृक्षारोपण किया गया। हरेला पर्व के तहत यह अभियान एक महीने तक चलेगा। जिसमें विभिन्न प्रकार



की प्रजातियों की पांच लाख से अधिक पौध रोपित की जाएगी। साथ ही एक पेड़ मां के नाम से भी यह अभियान एक महीने तक चलेगा। जिला जज एवं जिलाधिकारी ने अशोक की पौध लगाकर अभियान का शुभारंभ किया। रविवार को जिला मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में .जिला जज नरेंद्र दत्त ने सम्बोधित करते हुए हरेला पर्व की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हरेला पर्व के अवसर पर हम सबको संकल्प के साथ अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना चाहिए। आज ही नही बल्कि जब भी मौका मिले वृक्षारोपण करें। ताकि पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन में हम अपना योगदान और आने वाली पीढ़ी को हम एक धरोहर दे सकें। डीएम अनुराधा पाल ने अपने सम्बोधन में हरेला लोक पर्व की जनपदवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा की उत्तराखंड के लिए यह लोक पर्व महत्वपूर्ण है और यह परम्परा अनादिकाल से चलती आ रही है। उन्होंने कहा कि यह लोक पर्व खुशहाली, सम्रद्धि और प्रकृति से लगाव का पर्व है। डीएम ने कहा कि आज के परिदृश्य में पर्यावरण का संरक्षण और संवर्धन करना अति आवश्यक हो गया है। सामुहिक भागेदारी से धरा को बचाने के लिए हम सबको दो कदम आगे बढ़ाने की जरूरत है। वहीं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में भी हरेला पर्व के अवसर पर बृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव जयेंद्र सिंह चौहान की अगुवाई में अधिवक्ताओं एवं न्यायालय के कर्मचारियों एवं अधिकारियों द्वारा पौध रोपित कर पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया। हरेला पर्व के अवसर पर वन विभाग के अलावा पंचायतीराज विभाग, नगर निकाय,शिक्षा,उद्यान और कृषि विभाग द्वारा भी किसानों,बागवानों समेत प्रत्येक परिवार को दो-दो पौध वितरित कर उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई। इस अवसर पर एसडीएम मोनिका, सीओ अंकित कण्डारी, एसडीओ सुनील कुमार, रेंजर श्याम करायत, वृक्ष प्रेमी किशन सिंह मलड़ा, दलीप सिंह खेतवाल, वरिष्ठ अधिवक्ता बसंत बल्लभ पाठक समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# हरेला पर्व पर विभिन्न गांवों में किया वृक्षारोपण





किच्छा(उद संवाददाता)। इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल डेवलपमेंट (आईएसडी) द्वारा टाटा मोटर्स के सहयोग से सितारगंज , रुद्रपुर एवं गदरपुर के चयनित ग्रामों एवं प्राथमिक विद्यालय , उच्चतर प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में वृहद पौधरोपण का कार्य किया गया सितारगंज के देवकली गांव में 294 फलदार वृक्ष एवं मृदा कटाव को रोकने के लिए स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के खेतों के किनारे 150 टूंडला, न्यूटन एवं लाठी बांस की प्रजातियां के पौधों का रोपण किया गया । हरेला के शुभ अवसर पर गदरपुर के कुल्हा ग्राम पंचायत, रुद्रपुर के शांतिपुरी, जवाहर नगर, सैजनी में तथा सितारगंज के देवकली ग्राम में कुल 856 फलदार वृक्षों का रोपण किया गया प्राथमिक विद्यालय गदरपुर नंबर वन , अलखदेवा, लंबाखेड़ा,दिनेशपुर नंबर 1, शिवपुरी, सरदार नगर , खटोला, कुल्हा, पिपलिया ,जगदीशपुर, ढाई नंबर कोपा , मोहनपुर नंबर 1, हरदासपुर, खेड़ा, ट्रांजिट कैंप, रूद्रपुर,महाराजपुर, किच्छा नंबर वन, कुल 18 प्राथमिक विद्यालयों एवं बरखेड़ा उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं शांतिपुरी नंबर दो कन्या जूनियर हाई स्कूल इंटर कॉलेज बागवाला एवं शांतिपुरी नंबर 2 में कुल 360 फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया आईएसडी की परियोजना निदेशक बिंदुवासिनी ने बताया कि हरेले के सुअवसर पर वृहद वृक्षारोपण का अभियान चलाकर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। विद्यालयों में आरोपित पौधों की देखरेख एवं सुरक्षा के लिए विद्यार्थियों की टोली बनाकर पौधों का दायित्व देने का अनुरोध मुख्य शिक्षा अधिकारी एवं विद्यालय प्रशासन से किया गया। टाटा के सीएसआर मैनेजर प्रीतम मोतीलाल ने समुदाय एवं विद्यार्थियों को प्रकृति मां के अनुकूल व्यवहार कर प्रकृति का संरक्षण करने के लिए प्रेरित किया । संस्था के अध्यक्ष डॉ अमित कुमार श्रीवास्तव ने सभी प्रदेशवासियों को हरेला की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वर्षा ऋतु का आगमन पेड़ पौधों के लिए पुनर्जीवन काल जैसा होता है प्रकृति हर ओर हरी भरी हो जाती है । हमारा भी दायित्व है कि ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव को कम करने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें शहरी क्षेत्र में बेकार प्लास्टिक के डिब्बो, बड़े प्लास्टिक पाउच इत्यादि में तुलसी, लेमनग्रास, कड़ी पत्ता इत्यादिओषधिय गुणों से युक्त पौधों को लगाया जा सकता है ।आईएसडी के परियोजना समन्वयक रविंद्र कुमार वर्मा एवं बिंद्रा तिवारी ने सभी स्टेकहोल्डर के साथ समन्वय स्थापित कर हरेला पर्व को वास्तविक रूप में मनाने में योगदान दिया वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में टाटा मोटर्स से प्रीतम मोतीलाल पीरामल फाउंडेशन की फेलो निशा स्वयं सहायता समूह की सदस्य ममता मेहरा, माया पांडा, मानसरोवरी, मीणा, मोहिनी तथा ग्राम प्रधान श्रीमती चंद्रकला एवं श्रीमती दीपा कांडपाल तथा विद्यालय प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## गुरुओं के बताए हुए मार्ग पर चलें: स्वामी धर्मदेव



रुद्रपुर(उद संवाददाता)। श्री हिमगिरी महादेव मंदिर में गुरु पूर्णिमा का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव जी महाराज गुरु पूर्णिमा के अवसर पर मंदिर में पहुंचे और भक्तों को आशीर्वाद दिया। अपने प्रवचन में स्वामी धर्मदेव जी महाराज ने कहा कि जो भी व्यक्ति अपने जिस भी गुरु को मानता है वह अपने गुरुओं का सदैव सम्मान करें तभी एक स्वस्थ समाज की कल्पना की जा सकती है। उन्होंने कहा कि शास्त्रों में लिखा है कि गुरु के बिना गति नहीं होती ऐसे में गुरुओं के बताए हुए मार्ग पर चलें और उनके पदचिन्हों को आत्मसात करें। उन्होंने कहा कि सभी लोग आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ रहे और एक दूसरे का आदर करें। इससे पूर्व श्री हिमगिरी महादेव मंदिर में पहुंचने पर समाजसेवी भारत भूषण चुघ व समाजसेवी अमर कुमार ने स्वामी धर्मदेव जी महाराज को पगड़ी पहनकर उनसे आशीर्वाद लिया और समाज की सुख समृद्धि की कामना की । गुरु पूर्णिमा के अवसर पर रासबिहारी म्यूजिकल ग्रुप के भजन गायक विनायक ने अपनी मधुर वाणी में गुरु जी की महिमा का बखान किया। उन्होंने गुरु सिमरन में जो पल डूबा उसका क्या कहना ,चारों धाम से बढ़कर है गुरु का धाम, गुरु की रहमत का कोई ठिकाना नहीं ,जैसे भजन सुना कर माहौल को भक्तिमय बना दिया।इस मौके पर अमर कुमार, विक्की डूडेजा, पंकज कुमार ,विजय शास्त्री, राममिलन , मोहन कुमार,जगदीश लाल पाहवा, मुकेश गावड़ी ,निधि कुमार ,मनमोहन चोपड़ा ,हेमंत कुमार ,श्यामलाल ग्रोवर ,संजय माटा सहित तमाम श्रद्धालु मौजूद थे।

## हरेला पर्व पर गांधी पार्क में किया पौधारोपण



रूद्रपुर(उद संवाददाता)।हरेला पर्व के उपलक्ष्य में गांधी पार्क में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के नेतृत्व में तमाम पर्यावरण प्रेमियों ने विभिन्न प्रजाति जैसे पीपल, बरगद ,जामुन नीम आदि पर्यावरण हेतु लाभकारी पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हरेला पर्व उत्तराखंड राज्य की धरोहर है हरेला पर्व एक दूसरे को समझने का माध्यम है। हम प्रीति की भावना से समस्त उत्तराखंड राज्य की संस्कृति को आम जनमानस के मानसिक पटल पर पहुंचा सकते हैं। आवश्यकता है एक दूसरे के प्रति प्रेम बढ़ाने की। साथ ही ठुकराल ने कहा कि गांधी पार्क का अस्तित्व समाप्त नहीं होने दिया जायेगा। इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं शैल परिषद के महामंत्री एडवोकेट दिवाकर पाण्डे, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष हरीश दनाई,शैल परिषद के अध्यक्ष गोपाल पटवल,गोविंद राय ,जगदीश सुखीजा ,राजकुमार भूसरी, राजेश ग्रोवर ,अजय नारायण, संजय ठुकराल, भुवन गुप्ता, आनंद शर्मा राकेश सिंह, अंकित चंद्रा ,दिनेश बम, राजेंद्र बोरा, संतोष दिवाकर, संजीव गुप्ता, सुखवंत सिंह ,राजेश सक्सेना, आवेश गंगवार,मनोज गुप्ता, नीरज खुग्गर ,केरु मंडल ,शत्रुघन सिंह, रविंद्र धर ,ललित सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

# हरेला पर्व पर भारत विकास परिषद ने किया पौधारोपण




रूद्रपुर/गदरपुर(उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद रुद्रपुर शाखा ने उत्तराखंड के आंचलिक पर्व हरेला के शुभ अवसर पर सांइ विहार कॉलोनी फेस 5 आनंदम गार्डन कीरतपुर में पौधारोपण किया। इस दौरान पीलाकनेर, नीम, अर्जुन, आंवला, अशोक, फाइकस, हरसिंगार आदि के पौधे लगाए। इस अवसर पर शाखा के अध्यक्ष विष्णु मोहन सक्सैना ने कहा कि हरेला पर्व वास्तव में हरियाली ,शांति और समृद्धि का प्रतीक है, साथ ही यह लोक पर्व हमें अपने पर्यावरण को संरक्षित रखने का संदेश भी देता है और यह तभी संभव हो सकता है जब आमजन अधिक से अधिक पौधारोपण करते हुए उनको संरक्षित करने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि इस वर्ष प्रकृति पर्व हरेला "पर्यावरण की रखवाली घर-घर हरियाली लाए समृद्धि और खुशहाली" थीम के साथ मनाया जा रहा है जिसका असर बखूबी देखने को मिल रहा है। कार्यक्रम में शाखा के अध्यक्ष विष्णु मोहन सक्सैना, जतिन अग्रवाल, संजय ठुकराल, आनंद अग्रवाल, साईं विहार फेस 5 कॉलोनी के निवासी विपिन सैनी,रणधीर मलिक, कमल कौशिक,राकेश उप्रेती, सोनी पार्टियल, सोनू पाल, उपासना पाल, अंतर्यामी गोंडा, कनु, नितिन कौशिक, दिलरंजय सिंह, विक्की मित्तल आदि आदि लोगों ने कार्यक्रम में सहयोग किया। **गदरपुर**- भारत विकास परिषद शाखा गदरपुर द्वारा सेवा पखवाड़े के अंतर्गत एवं हरेला के पावन अवसर पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। परिषद के सभी सभी पदाधिकारी गुलरभोज रोड स्थित छठ घाट के पास एकत्र हुए तथा नहर के किनारे नंगली साहिब कुटिया से लेकर रेड रोज कॉन्वेंट स्कूल तक विभिन्न प्रजातियों के लगभग 25 पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष रविन्द्र बजाज ने बताया कि सेवा पखवाड़े के अंतरगत नगर में भारत विकास परिषद द्वारा विभिन्न स्थानों 500 छायादार,शोभाकार एवं फलदार वृक्षों का रोपण जाएगा तथा समय समय पर उनकी देखभाल भी की जाएगी। वृक्षारोपण के दौरान भारत विकास परिषद के सचिव प्रमोद बजाज, कोषाध्यक्ष डॉ विनीत अरोड़ा, दीपक सुधा, विनोद चुग्घ,बँटी छाबड़ा, गौरव मदान, डॉ अरविन्द धवन,डॉ अजय श्रीवास्तव, डॉ प्रमोद गगनेजा,डॉ ललित मलिक, डॉ संजय अरोड़ा, पारस धवन, अमित नारंग, रमन छाबड़ा, अजय फोगाट, विकास बजाज, नायब सिंह धालीवाल,द्रोण वाजपेयी, पंकज सेतिया, वासु अरोड़ा, राकेश कंबोज सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## अमृत सरोवरों के तट पर किया पौधारोपण

गदरपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड के लोक पर्व हरेला' के पावन अवसर पर विकास खण्ड गदरपुर के समस्त 10 अमृत सरोवर के तट पर पौधरोपण अभियान का शुभारंभ किया गया। ग्राम पंचायत पिपलिया स्थित अमृत सरोवर के किनारे पौधरोपण कार्यक्रम का शुभारम्भ खण्ड विकास अधिकारी शेखर जोशी, सहायक विकास अधिकारी राजपाल सिंह चौहान व स्वयं सहायता समूह के पदाधिकारी सदस्य व ग्रामीणों द्वारा किया गया । ग्राम पंचायत रोशनपुर में कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक अरविन्द पाण्डेय व ग्राम प्रधान सुनीता आर्य ने स्वंय सहायता समूहके सदस्यों व ग्रामीणो के साथ किया 'पर्यावरण की रखवाली, घर-घर हरियाली, लाये समृद्धि और खुशहाली' के संदेश के साथ यह अभियान 16 जुलाई से 15 अगस्त 2024 तक चलेगा जिसमें विकास खण्ड क्षेत्र में ग्राम विकास विभाग द्वारा 20000 पौधों का रोपण किया जायेगा। इस अवसर पर उपकार्यकम अधिकारी (मनरेगा) अमित मेहरा, कनिष्ठ अभियन्ता (मनरेगा) विश्वजीत, कनिष्ट सहायक, सुमित उपाध्याय, हीरा बिष्ट वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक सुभाष रयाल, मिशन प्रबन्धक शखावत शाह, ऐरिया कोर्डिनेटर, राधा रानी, सुनीता रानी, ग्राम विकास अधिकारी, गौरव त्रिपाठी, मुदस्सिर अहमद, चन्द्रशेखर, भाष्कर धामी, हरदीप कौर, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, पार्वती चन्द्र, पूनम पनेरू, दीपक असगोला गुंजन चौहान, ग्राम रोजगार सहायक अब्दुल रहमान, अमित कुमार, कमल सरकार, गोपाल विश्वास, बनमाली मंडल, बीएफटी दुलाल, तरूण, जगदीश आदि उपस्थित रहें।




## भाजपाईयों ने किया पौधारोपण

गदरपुर(उद संवाददाता)। सनातन धर्म मंदिर में भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने गदरपुर मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ प्रकृति के संरक्षण के प्रतीक एवं उत्तराखंड के लोक पर्व हरेला के अवसर पर पौधारोपण किया और साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान में सहभागिता भी की। इसके पश्चात जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा कि जिस पर्यावरण में हम रहते हैं उसे पर्यावरण की संरक्षण की जिम्मेदारी भी हमारी ही है। इस अवसर



पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना,सुभाष गुम्बर, मिंटू गुंबर, अनिल जेटली, राजकुमार भुड्डी, नरेश हुड़िआ,परमजीत सिंह पम्मा,राजू शर्मा,सोनू विश्वास,जसवीर चीमा, त्रिलोक कंबोज,सूर्यभान गुप्ता,संदीप कंबोज, मनोज शर्मा, मनोज पांडे, हरीश रलहन, ज्योति अरोड़ा,पूनम महाजन,कुलबीरी चौधरी, निर्मल नारगं,रविंद्र सिंह, कुनाल रस्तोगी, मुस्कान चावला मनोज काण्डपाल आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।